# District Health Society, Nalanda
# जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा

सदर अस्पताल परिसर, बिहारशरीफ–803101
Sadar Hospital Campus, Biharsharif - 803101


पत्रांक :.......................................

## संविदागत चयन संबंधी सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अन्तर्गत नालन्दा जिला में प्रखण्ड स्तर पर कार्यान्वित प्रखण्ड प्रबंधन इकाई (Block Programme Management Unit) में प्रबंधकीय सूचना तंत्रों को विकसित एवं सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा के द्वारा प्रखण्ड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक–सह–डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (Block Monitoring and Evaluation Assistant-Cum-Data Entry Operator) के रिक्त पद पर संविदा के आधार पर चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

**योग्यता/अनुभव एवं मानदेय की विवरणी :–**

| क्र0 | पद का नाम | रिक्ति/कोटि | योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक–सह–डाटा इन्ट्री ऑपरेटर | 04 (पि0व0म0–01, अनु0 जाति–03) | **1.** किसी ख्याति एवं मान्यता प्राप्त संस्थान से किसी भी संकाय में स्नातक उत्तीर्ण।<br>**2.** टाईपिंग स्पीड– **40 wpm अंग्रेजी में, एवं 30 wpm हिन्दी में।**<br>**3.** 6 Months Course in Computer Application from DOEACC Institution. / One Year Diploma in the field of Computer Application from a recognized Institution. | • At least two years of relevant working experience in the Health Sector.<br>• Preference will be given to those candidates who have worked in Health Sector of Government Organization in Bihar with good knowledge of HMIS/MCTS application. |

- **निर्धारित मानदेय** – एकमुश्त रूपये 12000/– (रूपये बारह हजार मात्र) प्रतिमाह।
- **अधिकतम आयु–** 45 वर्ष (01.04.2015 को)।
- **अनुबंध की सीमा–** एक वर्ष के लिए, जिसे Performance एवं Conduct के आधार पर Contract Policy के अनुसार अगले तीन साल तक नवीनीकरण किया जा सकता है, परन्तु संविदा की अधिकतम अवधि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जारी रहने तक ही मान्य होगा एवं उक्त संविदा के बदले नियमितीकरण तथा समायोजन का दावा मान्य नहीं होगा।
- **आवेदन शुल्क–** Non-Refundable application fee of Rs.300/- for BC/BCF category and Rs. 200/- for SC candidates. Application Fee is to be submitted in the form of Bank Draft only, which should be drawn on any nationalized bank favouring **District Health Society, Nalanda** and payable at **Biharsharif**.
- **आवेदन प्रपत्र–** उक्त पद हेतु आवेदन प्रपत्र जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा के वेबसाईट **http://dhsnalanda.bih.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
- नोटरी पब्लिक के समक्ष किया गया Sworn Affidavit जिसमें यह उल्लेखित होगा कि "All the required certificates related to the essential qualification or the requisite experience exists with the applicant and that in case of any fraudulent claim, legal action can be initiated against the applicant." संबंधित शपथ पत्र का प्रपत्र जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा के वेबसाईट **http://dhsnalanda.bih.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
- आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में ही मान्य होगा एवं निर्धारित राशि का मूल बैंक ड्राफ्ट तथा निर्धारित शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

**संविदा की शर्ते –**

1. एकरारनामा जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा के निदेशानुसार की जायेगी न कि भारत सरकार/बिहार सरकार के द्वारा। भविष्य में किसी प्रकार के सरकारी नौकरी का दावा चयनित अभ्यर्थी के द्वारा मान्य नहीं होगा। पूर्ण रूप से यह अस्थाई नियोजन है।

2. मानदेय की राशि एकमुश्त दी जायेगी। इसके अलावे कोई अन्य राशि नहीं दी जायेगी।
3. प्रारंभिक एकरारनामा 01 वर्ष तक की होगी। उसके बाद कार्य संतोषजनक पाये जाने पर सक्षम पदाधिकारी के द्वारा सेवा अवधि की विस्तार की जा सकती है।

**नोट :–** समान पद पर कार्यरत अभ्यर्थी को संबंधित जिला स्वास्थ्य समिति से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) के साथ आवेदन देना अनिवार्य होगा।

**आवेदन भेजने की अंतिम तिथि –**

इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन निर्धारित प्रपत्र में मूल बैंक ड्राफ्ट, शपथ पत्र, सभी शैक्षणिक योग्यतायें एवं कार्यानुभवों का स्वअभिप्रमाणित प्रति हाल में खीचे तस्वीर के साथ सिर्फ रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से भेजें, जो दिनांक 05/06/2015 तक या उससे पहले **सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा, बिहारशरीफ** के पते पर पहुँचना चाहिये। अंतिम तिथि के बाद किसी भी स्थिति में कोई भी अभ्यर्थी का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। लिफाफा के उपर आवेदित पद का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।

**चयन की प्रक्रिया –**

मैट्रीक, इन्टर, स्नातक, कम्प्यूटर ज्ञान, अनुभव संबंधी आदि प्रमाण पत्रों के विरूद्ध निर्धारित अंक का प्राप्तांक, टाइपिंग स्पीड की जाँच का प्राप्तांक तथा अन्तर्वीक्षा का प्राप्तांक को जोड़ते हुए मेधा सूची के साथ–साथ आरक्षण रोस्टर का अनुपालन करते हुए चयन सूची तैयार की जायेगी।

दिनांक 17/06/2015 को नालन्दा समाहरणालय परिसर में स्थित हरदेव भवन में प्रातः 10.30 बजे अन्तर्वीक्षा (Interview) एवं Typing Test आयोजित की जायेगी। अन्तर्वीक्षा (Interview) में सभी उम्मीदवारों को अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। किसी भी अभ्यर्थी को अन्तर्वीक्षा (Interview) में शामिल होने के लिए TA/DA देय नहीं होगा।

सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा।

जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष,
जिला स्वास्थ्य समिति, नालन्दा।